पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ▪ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ▪ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित
सीमा सन्देश
ताकत किसान की, जवान की
संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।" -स्वामी विवेकानन्द

▪ वर्ष : 33 ▪ अंक : 302 ▪ मूल्य : रु. 2.00 ▪ पृष्ठ : 08 जयपुर, शुक्रवार, 03 मई, 2024 ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in जयपुर आर्ट फेयर... 8

सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ

◆ **मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सदिस्तप ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई**

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। कस्बा पिलानी स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं लेखा नियंत्रक जयप्रकाश इंदौरा, प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सहित अन्य वैज्ञानिक एवं सहकर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर संस्थान के सभागार में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ शशिकांत सदिस्तप ने सभी सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के इस महत्वाकांक्षी अभियान में सभी का सहयोग एवं योगदान अपेक्षित है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने कार्यालयों में स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर उपयोगी एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि वे स्वच्छता के प्रति बहुत आग्रही थे। उन्होंने देश में स्वच्छता अभियान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी शुरूआत वर्ष 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। अपने व्याख्यान में उन्होंने संस्थान में स्वछता के लिए किए गए कार्यों के साथ-साथ भावी योजनाओं से भी अवगत कराया। व्याख्यान के उपरांत डॉ सदिस्तप एवं अन्य अधिकारियों ने जयशंकर शरण को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़ा के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया। मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में अलग-अलग अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सीएसआईआर सहित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी कार्यालय एवं विभाग 1 से 15 मई की अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहे हैं।इसी कड़ी में संस्थान में भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।